दिनांक 26 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में होंगे विभिन्न विकास कार्य महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वही के विद्यार्थियों एवं मोहल्ले के नागरिकों से कराया भूमि पूजन

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने जवाहरलाल नेहरु विद्यालय खुर्सीपार में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन स्कूली बच्चों एवं मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों से कराया! सर्वप्रथम विद्यालय के स्पोर्ट्स के बच्चों द्वारा बाजे गाजे के साथ श्री यादव का स्वागत किया गया तथा जेपी श्याम व्याख्याता के मार्गदर्शन में स्वागत गीत गाकर एवं विद्यालय की प्राचार्य प्रीति गुप्ता, प्रभारी साला अध्यक्ष सूरज कुमार आदि ने पुष्पगुच्छ एवं पुष्प हार से मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र यादव का स्वागत किया! तत्पश्चात श्री यादव ने मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिकों एवं स्कूल के बच्चों से भूमि पूजन कराने के लिए आग्रह करते हुए भूमि पूजन कराया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य एवं बच्चों ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर भूमि पूजन की शुरुआत की इस दौरान पूर्व पार्षद भूपेंद्र यादव द्वारा फावड़ा चलाकर जिसमें श्री देवेंद्र यादव ने सहयोग किया तथा कार्य की शुरुआत करते हुए कार्य की आधारशिला रखी! श्री यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कुल 34 लाख की लागत से विद्यालय के हाल का संधारण , रूफ वॉटरप्रूफिंग, साइकिल स्टैंड, पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, पाथवे निर्माण कार्य किया जाना है जिसकी शुरुआत आज से कर दी है विद्यार्थियों को बारिश एवं ग्रीष्म के दिनों में अपने साइकिल को रखने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा , यह बहुत अत्यावश्यक कार्य था जिसको जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा!

श्री यादव ने बच्चों से मिलकर सभी का नाम पूछा एवं रूबरू हुए! इस दौरान डीकाम राजू , हरी राम यादव, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता रेवती रमन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे स्कूल के स्टाफ एवं मोहल्ले वासी मौजूद रहे! स्कूल की प्राचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा मंच का संचालन नरेंद्र भारदवाज ने किया!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!